# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

Coal India

WESTERN COALFIELDS LIMITED
A Miniratna Company

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 31 जुलाई, 2026

अंक : 528


## प्रदूषण नियंत्रण उपायों की समीक्षा बैठक में डब्ल्यूसीएल ने पर्यावरणीय पहलों को किया प्रस्तुत



महाराष्ट्र की माननीय पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्रीमती पंकजा मुंडे की अध्यक्षता में मुंबई में चंद्रपुर जिले में प्रदूषण नियंत्रण के उपायों की समीक्षा के लिए विभिन्न हितधारकों एवं वैधानिक संस्थाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल), निजी कोयला खदानों, कोल वाशरियों तथा अन्य संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान माननीय मंत्री ने चंद्रपुर जिले में प्रदूषण के स्तर को कम करने तथा पर्यावरणीय मानकों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों से समन्वित, सतत एवं सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर डब्ल्यूसीएल के निदेशक तकनीकी (परियोजनाएं एवं योजना) श्री संदीप परांजपे ने माननीय मंत्री को डब्ल्यूसीएल की पर्यावरण संरक्षण संबंधी पहलों पर आधारित एक कॉफी टेबल बुक भेंट की। इस प्रकाशन में प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की स्थापना, प्रदूषण न्यूनीकरण के विभिन्न उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा बड़े पैमाने पर किए जा रहे वृक्षारोपण अभियान सहित पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में डब्ल्यूसीएल द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों को प्रमुखता से दर्शाया गया है।

डब्ल्यूसीएल पर्यावरण संरक्षण, सतत खनन एवं हरित विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप आधुनिक प्रदूषण नियंत्रण उपायों को अपनाते हुए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्यरत है।

## आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अत्याधुनिक क्लासरूम का उद्घाटन

WCL के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे ने निदेशक (वित्त एवं मानव संसाधन) श्री बिक्रम घोष तथा निदेशक (तकनीकी-परियोजना एवं योजना) श्री संदीप परांजपे की उपस्थिति में संयुक्त रूप से मानव संसाधन विकास विभाग के कौशल विकास केंद्र में परियोजना प्रभावित कर्मियों के इंडक्शन कार्यक्रम हेतु विभिन्न आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अत्याधुनिक क्लासरूम का उद्घाटन कर विभाग को समर्पित किया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को संबोधित करते हुए डॉ. हेमंत शरद पांडे ने कहा कि किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति उसके मानव संसाधन में निहित होती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण केवल कार्य की जानकारी प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि संगठन की कार्य संस्कृति, सुरक्षा मूल्यों, अनुशासन और उत्तरदायित्व को आत्मसात करने की प्रक्रिया है।

उन्होंने नव-नियुक्त परियोजना प्रभावित कर्मियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाते हुए अपनी कार्यकुशलता को निरंतर विकसित करें तथा WCL की प्रगति, उत्पादकता और सुरक्षित कार्य संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सक्रिय योगदान दें। यह आधुनिक




प्रशिक्षण कक्ष उन्नत ऑडियो-विजुअल सुविधाओं, बेहतर शिक्षण वातावरण तथा प्रभावी प्रशिक्षण संसाधनों से युक्त है, जो नव-नियुक्त PAP कर्मियों के कौशल विकास, क्षमता निर्माण एवं संस्थागत मूल्यों से परिचय को और अधिक प्रभावी बनाएगा।

इस पहल के माध्यम से WCL ने कर्मचारी प्रशिक्षण को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए एक सक्षम, दक्ष एवं भविष्य के लिए तैयार कार्यबल विकसित करने की अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया।

## 'एक पेड़ माँ के नाम'अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम



कोल इंडिया लिमिटेड के निर्देशों के अनुरूप वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) ने 'एक पेड़ माँ के नाम' राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत अपने सभी क्षेत्रों में सफलतापूर्वक एकदिवसीय वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अभियान का शुभारंभ उमरेड क्षेत्र की मकरधोकड़ा-III परियोजना में डब्ल्यूसीएल के निदेशक (वित्त एवं मानव संसाधन) श्री बिक्रम घोष द्वारा किया गया।

इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन/ परियोजनाएं एवं योजना) श्री संदीप परांजपे, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, श्री एस. दीपिका, आईएफएस, जिला प्रबंधक, एमपीआरवीवीएन, छिंदवाड़ा, श्री मयंक माधव, आईपीएस, एसडीओपी, उमरेड, महाप्रबंधक (पर्यावरण) श्री जॉन वर्की तथा उमरेड क्षेत्र के महाप्रबंधक डॉ. अविनाश प्रसाद सहित अनेक गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उमरेड क्षेत्र में लगभग 15 हेक्टेयर भूमि पर 37,500 पौधों का रोपण किया गया। इसी के साथ डब्ल्यूसीएल के सभी क्षेत्रों में एक साथ वृक्षारोपण अभियान संचालित किया गया, जिसके अंतर्गत कंपनी ने 80 हेक्टेयर भूमि पर 2 लाख पौधे लगाने के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 102 हेक्टेयर क्षेत्र में 2,55,019 पौधों का सफलतापूर्वक रोपण कर लक्ष्य से कहीं अधिक उपलब्धि प्राप्त की।

इस अवसर पर डब्ल्यूसीएल मुख्यालय एवं उमरेड क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों, स्थानीय सरपंचों, परियोजना प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), स्कूली विद्यार्थियों, राज्य शासन के अधिकारियों तथा एमपीआरवीवीएन के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। व्यापक जनभागीदारी ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का सशक्त संदेश दिया।

इस सामूहिक हरित पहल के माध्यम से डब्ल्यूसीएल ने सतत खनन, पारिस्थितिकीय पुनर्स्थापन तथा भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया है।



## नामची टनल दुर्घटना बचाव अभियान में डब्ल्यूसीएल की रेस्क्यू टीम ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका



कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) एवं वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) प्रबंधन के निर्देशानुसार वेकोलि के महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) श्री दिनेश बिसेन के नेतृत्व में वेकोलि की 14 सदस्यीय प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम सिक्किम के नामची टनल दुर्घटना स्थल पर संचालित बचाव अभियान में सहयोग प्रदान किया।

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) एवं ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ECL) की रेस्क्यू टीमों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए भारतीय वायु सेना द्वारा वेकोलि की रेस्क्यू टीम को एयरलिफ्ट कर दुर्घटना स्थल तक पहुंचाया गया।

इस संयुक्त एवं चुनौतीपूर्ण बचाव अभियान में सभी टीमों ने उत्कृष्ट तकनीकी कौशल, अदम्य साहस, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। टीमों का यह प्रयास राष्ट्र सेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और आपदा की घड़ी में त्वरित एवं प्रभावी सहयोग की भावना को दर्शाता है।

नामची टनल दुर्घटना में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी दिवंगतों को कोल इंडिया लिमिटेड एवं वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड परिवार की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि एवं भावपूर्ण नमन। वेकोलि परिवार दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता है तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता है।

## डब्ल्यूसीएल में 'पिंक सेतु – आईआर एवं कर्मचारी संपर्क प्रकोष्ठ' का शुभारंभ



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) ने 'पिंक सेतु – आईआर एवं कर्मचारी संपर्क प्रकोष्ठ' का शुभारंभ कर लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण एवं समावेशी कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है।

डब्ल्यूसीएल के निदेशक (वित्त एवं कार्मिक) श्री बिक्रम घोष की दूरदर्शी सोच के अनुरूप स्थापित यह प्रकोष्ठ कर्मचारियों एवं प्रबंधन के बीच संवाद को और अधिक सुदृढ़ बनाने, औद्योगिक संबंधों को मजबूत करने तथा शिकायतों के पारदर्शी, संवेदनशील एवं प्रभावी निवारण के लिए एक कर्मचारी-केंद्रित मंच के रूप में कार्य करेगा।

'पिंक सेतु' की विशेषता यह है कि इसका संचालन पूर्णतः महिला अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। यह पहल संगठन के महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील क्षेत्रों में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें सशक्त भूमिका प्रदान करने के प्रति डब्ल्यूसीएल की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

यह प्रकोष्ठ कर्मचारी-प्रथम सुशासन, पारस्परिक विश्वास, संवाद एवं समावेशी नेतृत्व की भावना को और सुदृढ़ करेगा। साथ ही, कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए संगठन में सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देगा।

पिंक सेतु – आईआर एवं कर्मचारी संपर्क प्रकोष्ठ' डब्ल्यूसीएल की उस सतत प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके माध्यम से संगठन एक प्रगतिशील, समावेशी, पारदर्शी एवं जन-केंद्रित सार्वजनिक उपक्रम के रूप में अपनी पहचान को और मजबूत कर रहा है।

## प्रोजेक्ट संदीप' के लिए डब्ल्यूसीएल ने जीता सीएसआर और फिलैंथ्रोपी अवार्ड 2026

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे के कुशल मार्गदर्शन एवं निदेशक (वित्त तथा मानव संसाधन) श्री बिक्रम घोष के नेतृत्व में, उसकी प्रभावशाली सीएसआर (CSR) पहल 'प्रोजेक्ट संदीप' के लिए 'सीएसआर और फिलैंथ्रोपी अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान सतत और सार्थक प्रयासों के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाने की डब्ल्यूसीएल की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है।

यह पुरस्कार 26 जुलाई 2026 को आईआईएम नागपुर में क्राउडएरा (Crowdera) द्वारा आयोजित 'सीएसआर एंड फिलैंथ्रोपी कॉन्क्लेव 2026' के दौरान प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध संगठनों और चेंजमेकर्स (बदलाव लाने वालों) ने एक साथ हिस्सा लिया।

डब्ल्यूसीएल की ओर से यह पुरस्कार श्री ललित प्रकाश तिर्की, महाप्रबंधक (सीएसआर), डब्ल्यूसीएल ने सीएसआर टीम के साथ प्राप्त किया।

मेजर संदीप उन्नीकृष्णन की स्मृति को समर्पित 'प्रोजेक्ट संदीप', सशस्त्र बलों और अन्य वर्दीधारी सेवाओं में रोजगार के अवसरों के लिए ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित और तैयार करने की डब्ल्यूसीएल की एक पहल है। इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों के युवाओं की आकांक्षाओं को अनुशासन, गरिमा और राष्ट्र सेवा के करियर की दिशा में आगे बढ़ाना है।




## अंतर क्षेत्रीय महिला एवं पुरुष शतरंज, कैरम एवं ब्रिज प्रतियोगिता 2026-27 का सफल समापन



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के माजरी क्षेत्र द्वारा आयोजित अंतर क्षेत्रीय महिला एवं पुरुष शतरंज, कैरम एवं ब्रिज प्रतियोगिता 2026-27 का सफल समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि श्री बिक्रम घोष, निदेशक (वित्त एवं मानव संसाधन), वेकोलि की गरिमामयी उपस्थिति में यह समापन संपन्न हुआ।

22 से 24 जुलाई 2026 तक आयोजित इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में वेकोलि के सभी क्षेत्रों से महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा, अनुशासन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री बिक्रम घोष, निदेशक (वित्त एवं मानव संसाधन), वेकोलि ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे: महिला शतरंज चैम्पियनशिप – वेकोलि मुख्यालय, पुरुष शतरंज चैम्पियनशिप – बल्लारपुर क्षेत्र, महिला कैरम चैम्पियनशिप – चंद्रपुर क्षेत्र, पुरुष कैरम चैम्पियनशिप – नागपुर क्षेत्र, ब्रिज चैम्पियनशिप – उमरेड क्षेत्र

समापन समारोह में वेकोलि मुख्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रों के अधिकारी एवं कर्मचारी, प्रतिभागी खिलाड़ी, निर्णायकगण, आयोजन समिति के सदस्य, सहयोगी कर्मचारी तथा वेकोलि स्टीयरिंग कमेटी एवं वेलफेयर बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता का शुभारंभ 22 जुलाई 2026 को माजरी क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री राकेश प्रसाद द्वारा किया गया था।

## अंतर कंपनी बैडमिंटन प्रतियोगिता में डब्ल्यूसीएल की महिला बैडमिंटन टीम विजेता



भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), धनबाद द्वारा आयोजित अंतर कंपनी बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) की महिला बैडमिंटन टीम ने डब्ल्यूसीएल मुख्यालय, नागपुर में निदेशक (वित्त एवं मानव संसाधन) श्री बिक्रम घोष से सौजन्य भेंट की तथा प्रतियोगिता में जीती गई ट्रॉफी उन्हें भेंट की।

इस अवसर पर श्री बिक्रम घोष ने खिलाड़ियों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियों ने डब्ल्यूसीएल को गौरवान्वित किया है तथा संगठन के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत का कार्य किया है।

प्रतियोगिता में डब्ल्यूसीएल महिला बैडमिंटन टीम ने महिला टीम चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। सुश्री तेजवानी तेरे (बल्लारपुर क्षेत्र) ने महिला सिंगल चैम्पियनशिप का खिताब जीता। वहीं सुश्री तेजवानी तेरे (बल्लारपुर क्षेत्र) एवं सुश्री अश्विनी डोंगरे (नागपुर क्षेत्र) की जोड़ी ने महिला डबल्स चैम्पियनशिप में विजय प्राप्त की। इसके अतिरिक्त सुश्री रश्मि खरे ने महिला डबल्स प्रतियोगिता में उपविजेता (रनर-अप) का स्थान हासिल किया।

इन उत्कृष्ट प्रदर्शनों के आधार पर डब्ल्यूसीएल की इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) महिला बैडमिंटन टीम में किया गया, जिसने भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित पब्लिक सेक्टर बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से खिलाड़ियों ने न केवल सीआईएल बल्कि डब्ल्यूसीएल का भी गौरव बढ़ाया।

डब्ल्यूसीएल प्रबंधन सभी खिलाड़ियों को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई देता है तथा उनके उज्ज्वल खेल भविष्य एवं आगामी प्रतियोगिताओं में निरंतर सफलता की कामना करता है।

## डब्ल्यूसीएल का आईआईएम नागपुर के साथ एमओयू




वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) ने भविष्य के लिए सक्षम एवं दूरदर्शी नेतृत्व तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) नागपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

एमओयू पर हस्ताक्षर डॉ. हेमंत शरद पांडे, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी), वेकोलि; श्री बिक्रम घोष, निदेशक (वित्त एवं कार्मिक), वेकोलि; तथा डॉ. भीमराया मेत्री, निदेशक, आईआईएम नागपुर की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुए।

इस साझेदारी के अंतर्गत वेकोलि के 75 मध्यम एवं वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों के लिए तीन बैचों में एक विशेष रूप से तैयार किया गया आवासीय नेतृत्व विकास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों में नेतृत्व क्षमता, रणनीतिक सोच, निर्णय लेने की क्षमता तथा प्रबंधकीय उत्कृष्टता को विकसित करना है, ताकि वे बदलती व्यावसायिक चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें।




वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।